माननीय अध्यक्ष जी, श्री बाबूराम यादव जी 5 बार इस सदन के सदस्य रहे । यह इस बात का सबूत है कि वह बिल्कुल जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति थे और हमेशा उनकी आवाज याद रहेगी । जब कोई राय लेनी होती थी तो हमेशा एक आवाज पीछे से आती थी और आपकी पीठ भी उन्हें इस बात की इजाजत देती थी कि वह अपनी बात कहें । वह लोक लेखा समिति के सदस्य थे । देहरादून जाने का प्रोग्राम बन रहा था तो हमने उनसे कहा कि बड़े भाई आप कभी नहीं जाते हैं इस बार आपको चलना है तो उन्होंने वायदा किया था कि जब छोटे भाइयों का इतना स्नेह हो तो मैं जरूर चलूंगा । जब हम लोग चलने लगे तो सूचना मिली कि वह अब नहीं रहे तो बहुत तकलीफ और दुःख हुआ जो आज भी है और हमेशा रहेगा । उनके पुत्र जरूर इस सदन में आ गये हैं लेकिन उनकी खुद की कमी हमेशा रहेगी । माननीय अध्यक्ष जी, मेरी तरफ से और मेरे दल की तरफ से शोक-संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

*श्री राम जग–

माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन के सम्मानित सदस्य श्री बाबूराम यादव जी एक कुशल राजनीतिज्ञ होते हुए भी एक सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने एक राजनीतिज्ञ के रूप में पूरे प्रदेश में नाम कमाया। उन्होंने जनता की बेहतर सेवा की और 5 बार इस विधान सभा के अन्दर विधायक के रूप में इस सदन में चुनकर आये और इस सदन में हमारे वर्तमान सदस्य के रूप में थे। इस सदन में उन्होंने बहस में, संवैधानिक सवालों पर, जनता के सवालों पर जिस तरह से अपनी बात रखी वह याद किया जायेगा। वह बड़े निर्भीक और स्पष्टवादी व्यक्ति थे। मान्यवर, संसदीय व्यवस्था में माननीय बाबूराम यादव जी जैसा व्यक्ति मिलना मुश्किल है। मान्यवर, बाबूराम जी ने राजनीतिज्ञ के रूप में जो सेवाएं की उनके निधन से जो क्षति हुई वह अपूरणीय है। उनके बारे में नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बसपा, नेता कांग्रेस, नेता लोकतांत्रिक कांग्रेस, नेता जनतांत्रिक बसपा और नेता लोकदल ने जो विचार व्यक्त किये उनसे मैं अपने को सम्बद्ध करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी और हमारे दल की शोक-संवेदनायें शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

अध्यक्ष महोदय, आज अत्यन्त दुःख की घड़ी है जब यह सम्मानित सदन वर्तमान सदस्य श्री बाबू राम जी के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वह आज हमारे बीच नहीं रहे। वह पांच बार इस सदन के सदस्य रहे। जब कभी सदन में किसी गम्भीर विषय पर चर्चा होती थी तो उस चर्चा को वह अपने अकाट्य तर्कों तथा विचारों से सही दिशा देने का कार्य करते थे। इस सदन के नये माननीय सदस्यों के लिये वह प्रेरणा के स्रोत थे। श्री बाबूराम जी के निधन से प्रदेश की राजनीति में जो रिक्तता आयी है उस की पूर्ति जल्दी नहीं की जा सकती है। वह विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से जुड़े रहे वह इण्टरमीडिएट तथा महाविद्यालय की प्रबन्ध समितियों के सदस्य थे। पंत नगर विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के भी वह सदस्य रहे। सन् 1990 व 1993 में माननीय मुलायम सिंह जी के मंत्रिमंडल में वह सिंचाई और राजस्व मंत्री भी रहे। श्री बाबू राम जी जमीनी सच्चाई को सदन में बराबर उजागर किया करते थे। उनके निधन से आज हम सब बेहद दुःखी हैं। मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं तथा आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी और हमारे दल की संवेदनाएं शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

(नेता जनता दल राजाराम पाण्डेय गुट व नेता समता पार्टी का नाम पुकारे जाने एवं उनके अनुपस्थित होने पर)

* श्री राजेन्द्र यादव–

मा० अध्यक्ष महोदय, सदन के सम्मानित सदस्य श्री बाबूराम यादव जी आज हमारे बीच नहीं हैं। उनका निधन 21 जुलाई, 2000 को हो गया। उनके निधन से मैनपुरी ही नहीं पूरे प्रदेश में रिक्तता आयी है जिसकी पूर्ति निकट भविष्य में नहीं दिखाई देती। श्री बाबू राम यादव जी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह इस सदन के पांच बार सदस्य चुनकर आये। वह विभिन्न संस्थाओं से भी जुड़े रहे। उनके निधन पर जो शोकोद्गार नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बहुजन समाज पार्टी, नेता लोकतांत्रिक कांग्रेस, नेता कांग्रेस पार्टी, नेता सी० पी० एम० और नेता जनता दल ने व्यक्त

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

किये हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करते हुए आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी शोक संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

*श्री देवेन्द्र प्रताप–

माननीय अध्यक्ष जी, आज श्री बाबूराम यादव जी हमारे बीच नहीं हैं । सन् 1985 से लगातार विधान सभा चुनाव जीतते आ रहे हैं । वह एक कर्मठ, व्यवहार कुशल राजनेता थे । वे हमेशा जनता से जुड़े रहे । मैं उनको अपने व अपने दल की ओर से शोक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । आपसे निवेदन है कि मेरी व मेरे दल की ओर से शोक-श्रद्धांजलि उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री शिवपाल सिंह यादव–

माननीय अध्यक्ष जी, आज हम सभी बाबूराम यादव जी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं । स्वर्गीय बाबूराम जी मैनपुरी जनपद के करहल विधान सभा क्षेत्र में एक गांव गढ़िया के किसान परिवार में पैदा हुए थे । वह लगातार 1985 से विधान सभा के सदस्य रहे । स्वर्गीय बाबूराम जी ने गरीबों, पीड़ितों, उपेक्षितों और किसानों के लिये लगतार संघर्ष किया था । वे हमारी समाजवादी पार्टी के नेता ही नहीं बल्कि हमारे परिवार के रूप में एक सदस्य भी थे इसलिये उनसे हमारी बहुत ही घनिष्ठता थी । विधायक के साथ-साथ वह एक शिक्षक भी थे और लम्बे समय तक शिक्षक के रूप में प्रदेश की सेवा की । उनका व्यक्तित्व तो ऐसा था कि उनको इस विधान सभा में लम्बे समय तक रहना चाहिए था लेकिन आज वह हमारे बीच नहीं हैं । आपको याद होगा इस विधान सभा के सत्र में उन्होंने कई गम्भीर मामलों में स्पष्ट फैसले लिये थे । वे एक प्रखर स्पष्टवादी व्यक्ति थे । कड़वी बात भी कहने में वह पीछे नहीं हटते थे । आज वह हमारे बीच में नहीं हैं । हम उनको शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी व हमारे दल की संवेदनायें भिजवाने का कष्ट करें ।

*श्री सरवर अली खां–

माननीय अध्यक्ष जी, श्री बाबूराम जी की हृदयगति रुक जाने से उनका स्वर्गवास हो गया । हमसे पहले तमाम माननीय नेताओं ने तथा हमारे साथियों ने अपने विचार रखे हैं, उनसे अपने को सम्बद्ध करते हुए मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि स्व० श्री बाबू राम यादव जी हमारे पड़ोसी के रूप में भी थे और इस सदन में हमारे बुजुर्ग साथी के रूप में भी थे । माननीय श्री बाबूराम यादव जी अत्यन्त गम्भीर स्वभाव के साथ ही साथ हंसमुख स्वभाव के साथ ही एक समाजसेवी तथा अच्छे इंसान और दोस्त भी थे । उन्होंने अपने विचारों से, अपनी योग्यता से और अपने कार्यों से इस सदन को ही प्रभावितनहीं किया अपितु अपने क्षेत्र से जहां से वह पांच बार लगातार इस आदरणीय सदन में आते रहे, यह उनकी करनी और उनके व्यवहार की ही देन थी और आज उनके सुपुत्र इस सदन में चुनकर आये हैं । उनके अचानक इस निधन पर हम अपनी ओर से, अपने क्षेत्र की ओर से तथा अपने समस्त साथियों की ओर से, आपके माध्यम से निवेदन करना चाहते हैं कि उनके शोक-संतप्त परिवार तक हमारी इन भावनाओं को पहुंचाने का कष्ट करें और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस असीम दुख को सहने की उनके परिवारजनों को शक्ति प्रदान करे ताकि वह इस दुःख को बरदास्त कर सकें ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

*श्री राम औतार शाक्य–

माननीय अध्यक्ष जी, आज हम इस सदन में दुःख की बेला में खड़े हुए हैं । इस सदन के एक वरिष्ठ सदस्य स्व० श्री बाबू राम यादव जी आज हमारे बीच में नहीं रहे । आज हम उनको शोक-संवेदना व्यक्त करने के लिये इसलिये खड़े हुए हैं कि मैनपुरी जनपद में हमारा और उनका बहुत बड़ा राजनैतिक साथ रहा । वह जिस दल के सदस्य थे, वह जिस दल केअध्यक्ष थे, उसका दसियों साल तक मैं महामंत्री रहा इसलिये मैं व्यक्तिगत जीवन में भी उनसे बहुत जुड़ा हुआ हूं । उनकी सम्यक् वाणी, उनके सम्यक् कर्म और उनके सम्यक् आचरण से उन्होंने अपने जीवन में नये कीर्तिमान स्थापित किये । उन्होंने कभी भी अपराधियों, असामाजिक तत्वों से कभी भी समझौता नहीं किया । उन्होंने हमेशा बेबाकी का परिचय दिया और निर्भीकता का परिचय दिया । राजनैतिक जीवन में कम ही ऐसे लोग होते हैं जो इस तरीके का आचरण करते हैं । उन्होंने जिन मानदण्डों की स्थापना की है, वह आज अनुकरणीय हैं । हम सब लोग उनसे इस बात की प्रेरणा लेते रहेंगे । एक शिक्षक के रूप में, एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, एक राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में और एक प्रशासक के रूप में उन्होंने बहुत बड़े मानदण्ड स्थापित किये हैं । उनके निधन से इस प्रदेश को क्षति हुई है । माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल तथा विभिन्न दलों के माननीय नेताओं ने जो अपने विचार/शोक-संवेदना प्रकट की है, उनकी भावनाओं से अपने को सम्बद्ध करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारे ये शोक-संवेदना के भाव उनके परिवारजनों तक पहुंचाने का कष्ट करें ।

* श्री गौरी शंकर एडवोकेट–

माननीय अध्यक्ष जी, आज हम सभी दुःखी हैं । विश्वास ही नहीं होता है कि श्री बाबू राम जी हमारे बीच में नहीं है । क्योंकि हर सत्र में हम सभी देखते थे कि जब कभी कोई चर्चा होती थी श्री बाबू राम जी अचानक खड़े होकर अपनी बात कहते थे । तो आपका ध्यान निश्चित रूप से उनकी ओर जाता था और बड़े स्पष्ट तरीके से जिस बात का वे उल्लेख करते थे आपनेहमेशा उनकी बात को मानकर हमेशा उनको समय दिया । हम सब को लगता है कि ऐसे स्पष्टवादी व्यक्ति बहुत कम लोग होते हैं । चाहे कितनी कड़वी बात क्यों न हो सच हो तो हमेशा बोलते थे चाहे किसी को अच्छी लगे और किसी को बुरी लगे । हमें उनके इस व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में कोई कटु सत्य क्यों न हो, उसको बोलने का साहस होना चाहिए । यूं तो सबको जाना है । एक दिन सब चले जायेंगे और हमारे लिये भी शोकोद्गार कहे जायेंगे । मैं 20–25 वर्षों से दुर्भाग्यवश ऐसा देख रहा हूं हमारे साथी जाते रहे हैं । न मालूम कितने लोगों के लिये शोकोद्गार यहां से व्यक्त किये हैं । आने वाले को जाना पड़ता है यह शाश्वत सत्य है । वे भी इसी कड़ी में हमारे बीच से चले गये । मुझे इस सम्बन्ध में भगवद्गीता की ये लाइनें याद आ गई ।

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय, नवानि ग्रहणाति नरो पराणि ।

तथा शरीराणि विहाय जीर्णा, न्यन्यानि संयाति नवानिदेही ।।

जैसे हम पुराने कपड़ों को छोड़कर नये वस्त्र धारण करते हैं उसी तरह से आत्मा अजर और अमर है वह पुराना शरीर छोड़कर नया शरीर धारण कर लेती है । "नैनं छिदन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।" आत्मा अजर और अमर है । आत्मा परमात्मा में विलीन हो गयी है । आज हम उनको यहां पर याद करते हैं । आपसे अनुरोध है कि हमारी शोक संवेदनाएं उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें । आज उनके निधन से राजनैतिक क्षेत्र में ही नहीं, हर क्षेत्र में कमी हो गयी है । ईश्वर

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

से प्रार्थना है कि उनके परिवार को और दुःखी जनों को यह शक्ति प्रदान करें कि वे इस दुःख को सह सकें।

*श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर, पिछले सत्र में माननीय बाबू राम जी हमारे साथ बैठे थे, आज वे हमसे अलग हो गये हैं। उनके सम्मान में जो भाव माननीय मुख्य मंत्री जी ने, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने और अन्य माननीय नेताओं ने दिये हैं, मैं अपने को उनसे सम्बद्ध करता हूं। आदरणीय बाबू राम जी ने जो पहचान इस सदन में दी है उससे मान्यवर, आप भिज्ञ हैं जिस बात को वे कहना चाहते थे चाहे वह किसी को उपयुक्त लगे या नही लेकिन जो सच है वे उसको जरूर कहते थे। जिस बात को कहना चाहते थे आपकी ओर से अनुमति मिल जाने पर वह उसको इतने अच्छी तरीके से रखते थे कि वह किसी को गलत लगे, किसी को सही लेकिन सत्य है इसलिये कहते थे। हमको उनके साथ सन् 1985 से लेकर अब तक काम करने का मौका मिला और दो एक बार उनके साथ शासन में काम करने का मौका मिला।

श्रीमन्, जो राजकीय आवास उनको मंत्री के रूप में मिला था उसी के बगल में मेरा भी था। हमने जो सादगी की बात उनमें देखी है कि उनका जीवन सादा था। मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी जानता था। हमारे विद्यालय जो कि मेरी मां मैना देवी के नाम पर है, उसकी आधारशिला भी उन्होंने रखी। आज उनके निधन से हम सब बहुत दुःखी हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं उनका बेटा अनिल कुमार यादव जिसको कि वहां की जनता ने जिताने का काम किया है समाजवादी पार्टी से। हमें प्रसन्नता होगी कि उनका बेटा उनके पद चिन्हों पर चलते हुए लायक बाप का लायक बेटा बने। ईश्वर उनके शोक-संतप्त परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। आपसे निवेदन है कि हमारी शोक-संवेदनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारी यह शोक-संवेदनायें उनके शोक-संतप्त परिवार तक और सारे कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने की कृपा करें।

* श्री अम्बिका चौधरी–

माननीय अध्यक्ष जी, बाबूराम यादव जी हमारे बीच नहीं हैं यह सच्चाई है और यह सच्चाई उसी तरह की कड़वी सच्चाई है जिस तरह की कड़वी सच्चाई को व्यक्त करने के लिये बाबूराम जी अलग से जाने जाते थे। किसी सही बात को कहने का साहस किसी में हो यह सामान्य बात है लेकिन माननीय बाबूराम जी में जो सबसे विलक्षण प्रतिभा थी वह यह थी कि कड़वी से कड़वी बात कहने के बाद भी उनके मन में कोई कलुष नहीं होता था, जिस व्यक्ति की वह आलोचना करते थे उसको प्रदर्शित करने के बाद भी उनके मन में उस व्यक्ति के प्रति कोई कलुषित भावना नहीं रहती थी। उस प्रकरण के समाप्त होने पर उनके मन में कोई दूसरी तरह का भाव नहीं होता था। उनकी स्मृतियों को याद करते हैं तो उनमें सबसे विशेष बात यह थी कि वह छोटे से छोटे साथी का भी सम्मान करते थे कम लोग ही ऐसा कर पाते हैं। बाबूराम जी में सादगी, सरलता, उदारता, स्पष्टवादिता इतने सारे गुणों का समावेश था, इसके साथ ही उनमें एक ऐसा गुण था जिसका सामाजिक राजनीतिक जीवन में लोप होता जा रहा है।

राजनैतिक जीवन में शुचिता का बहुत महत्व है, आचरण की शुद्धता का बड़ा महत्व है इसकी जीती-जागती प्रतिमूर्ति बाबूराम यादव जी थे। अगर हम बाबूराम जी के जीवन की कुछ बातों को भी अपने जीवन में उतार सकें तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनकी प्रखरता और स्पष्टवादिता

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया।

के कारण उनकी उपस्थिति अलग से परिलक्षित होती थी जितने अनुशासित सदस्य के रूप में बाबूराम जी का आचरण था उतना अनुशासित सिपाही ढूंढने पर शायद ही मिले । मैं दो पंक्तियों में उनको श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं । मान्यवर, माननीय बाबूराम जी का पिछले सत्र में, उसके पिछले सत्र में, पिछले पांच सालों में, जो आचरण रहा है मात्र वही नहीं अच्छे साथी के रूप में मेरा उनके साथ अनुभव रहा है जहां औपचारिकताओं पर ध्यान नहीं देते हैं इन्हीं बातों को नजरअंदाज करके मैंने उनसे एक दस्तखत करने को कहा, उन्होंने कहा तुम जानते हो यह असत्य है, मैंने आग्रह किया हस्ताक्षर कर दें, कहने लगे, जानते हो असत्य है सही नहीं है फिर भी आग्रह कर रहे हो कि इस पर हस्ताक्षर हो जाएं तो यह सम्भव नहीं है । मैं राजनीतिक जीवन में जिन बातों पर विश्वास नहीं करता हूं उन पर हस्ताक्षर नहीं करता । इस पर दूसरे लोगों से हस्ताक्षर करा लेना । ऐसी प्रखरता और स्पष्टवादिता उनमें थी । मैं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आग्रह करता हूं कि हमारे श्रद्धा-सुमन उनके परिवार जनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री अध्यक्ष–

स्वर्गीय श्री बाबूराम यादव जी पांच बार विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात् इस सदन की सेवा करते रहे । प्रदेश में दो बार मंत्री भी रहे । मैं लगभग ।। वर्षों से व्यक्तिगत रूप से उन्हें जानता था । वह मेरे मित्र भी थे । व्यवहार कुशल, मृदु स्वभाव, निर्भीकतापूर्वक अपनी बात कहने की क्षमता, यह तो उनमें थी ही परन्तु सादा व्यवहार और प्रत्येक को सम्मान देना, यह उनकी विशेषता थी । मुझे अच्छी प्रकार से स्मरण है कि कभी-कभी सदन में उत्तेजना के क्षण आये, हम सबके मन विचलित हुए तो माननीय बबूराम जी ने बड़े स्पष्ट शब्दों में हमारी अपनी मर्यादाओं, अपनी सीमाओं, परम्पराओं अधिकारों और कर्तव्यों का ज्ञान कराया । माननीय प्रमोद कुमार जी ने ठीक ही कहा कि वे संसदीय ज्ञान के धनी थे और इसका लाभ इस सदन के सदस्य के रूप में सदैव हमें प्राप्त होता था । मैं तो इतना कह सकता हूं कि सदन के अन्दर और सदन के बाहर उन्होंने मेरे व्यक्तिगत अनुरोध को स्वीकार किया । कभी-कभी ऐसे क्षण आये और लगा कि वे मेरी बात को स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन अध्यक्ष पीठ का सम्मान करते हुए सदन की मर्यादाओं को बनाने रखने का काम किया । उनके निधन से मुझे भी व्यक्तिगत क्षति हुई है । मैं माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जो शोकोद्गार व्यक्त किये हैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं । मैं अपनी ओर से तथा सदन की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं । आ की शोक-संवेदनायें मैं उनके परिवार तक पहुंचा दूंगा । अब मेरा अनुरोध है कि उनकी आत्मा की शांति के लिये हम लोग खड़े होकर दो मिनट का मौन रखें ।

(दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

कृपया अपना आसन ग्रहण करें ।

विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारुल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधाकृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी तथा श्री नाथूराम शिक्षक के निधन पर शाकोद्गार

मुख्य मंत्री (श्री राम प्रकाश)–

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, बड़े दुःख के साथ मुझे इस माननीय सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे ।। भूतपूर्व माननीय सदस्य इस बीच नहीं रहे । श्री धरम राम जमानियां, गाजीपुर से बी० के० डी० से 74 व 77 में जनता पार्टी से निर्वाचित हुए थे । श्री इसरारुल हक जो फिरोजाबाद से

1952 में कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा में आये थे, का भी निधन हो गया । श्री सुल्तान रजा मिर्जा का निधन 27 मई, 2000 को हो गया । श्री विष्णु प्रताप सिंह महादेवा, गोण्डा से 62, 67 व 77 में कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे । श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, चंदौली, वाराणसी से 1980 और 1985 में कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे । श्री बेनी प्रसाद माधव बुलन्दशहर से 1977 में अनूपशहर, बुलन्दशहर से विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए थे । वें 1964-70 तक विधान परिषद् के सदस्य रहे । वे जनता पार्टी के सदस्य थे । श्री किशुन लाल मदेशिया, नानपारा, बहाइच से 1967 में जनसंघ के टिकट पर निर्वाचित हुए थे । वे बड़े आर्य समाजी नेता । श्री राजबली, मया, फैजाबाद से 1967 में कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर निर्वाचित हुए थे । श्री गोस्वामी राधाकृष्ण करवी, बांदा से 1969 में कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और बाद में राज्य मंत्री के रूप में भी उन्होंने सदन की सेवा की । श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी, आजमगढ़ से 1957 और 1980 में कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे ।

श्री नाथू राम शिक्षक, इलाहाबाद से 1962, 1967 और 1977 में जनसंघ के टिकट पर निर्वाचित हुए थे । मीसा बंदी भी रहे और अनुसूचित जाति के सदस्य थे ।

श्रीमन्, इन सभी समाज सेवियों ने प्रदेश में अपना अमूल्य सहयोग दिया । विकास की धारा को प्रबल बनाया और विभिन्न दलों से सम्बन्ध रखने के बाद भी यह प्रदेश आगे बढ़े इसका सम्मान बढ़े इस दृष्टि से असाधारण सेवा का भाव प्रकट किया ।

मैं, श्रीमन्, अपने दल की ओर से, इस सदन की ओर से इन सभी महानुभावों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि शोक-संतप्त परिवारों को हम लोगों की संवेदनायें भेजने की कृपा करें और उनके परिवारों को यह दारुण दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे यह मैं भगवान से कामना करता हूं ।

नेता विरोधी दल (श्री धनी राम वर्मा)–

मान्यवर, इस सदन के माननीय भूतपूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारुल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधाकृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी, श्री नाथू राम शिक्षक आज हमारे बीच में नही हैं । श्रीमन्, इन सभी माननीय भू०पू० सदस्यों ने इस सदन में रहकर अपने विचारों से इस सदन को तो लाभान्वित किया ही जनता की विषम परिस्थितियों की उनकी समस्याओं को भी निपटाने का भी काम किया । यह अलग-अलग व्यक्तित्व के धनी थे । हमारे साथी भू०पू० विधायकों ने समाज के लोगों की चाहे वह गरीब हों और चाहे वह किसी मुसीबत में फंसे हुए हों उनकी समय-समय पर सेवायें कीं । श्रीमन्, उनकी अलग-अलग प्रतिभायें थीं । उनकी बुद्धि का और उनके काम करने का भी ढंग अलग था । श्रीमन्, यद्यपि उनकी जगह उनके क्षेत्र के ऐसे प्रदेश में बहुत से लोग सेवारत हो चुके हैं लेकिन जिस दृष्टिकोण से और जिस तरह से हमारे इन माननीय सदस्यों ने सदन में रहकर और सदन के बाहर समाज की सेवा की है उसकी पूर्ति करना बहुत ही मुश्किल है । यह क्षति अपूरणीय है ।

श्रीमन्, माननीय मुख्य मंत्री जी के विचारों से अपने को सम्बद्ध करते हुए सभी माननीय भूतपूर्व सदस्यों के लिये परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करूंगा कि वे उनकी आत्माओं को शाश्वत शांति और उनके परिवारीजनों को धैर्य धारण करने की क्षमता प्रदान करें । श्रीमन्, आपसे निवेदन कर रहा हूं कि मेरी और मेरे दल की भावनाओं को उनके परिवारी जनों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे विधान सभा के भूतपूर्व माननीय सदस्य श्री धरम राम, गाजीपुर, श्री इसरारुल हक, फिरोजाबाद, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, जौनपुर, श्री विष्णु प्रताप सिंह, गोण्डा, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, वाराणसी, श्री बेनी प्रसाद माधव, बुलन्दशहर, श्री किशुन लाल मदेशिया, बहराइच, श्री राजबली, अम्बेडकर नगर, श्री गोस्वामी राधाकृष्ण, चित्रकूट, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी, आजमगढ़, श्री नाथूराम शिक्षक, इलाहाबाद ने इस माननीय सदन के सदस्य रहकर क्षेत्र की, प्रदेश के लोगों की समस्याओं को समय-समय पर यहां सदन में उठाने का काम किया और अपनी जनसेवा के माध्यम से क्षेत्र और प्रदेश की सेवा की आज वे हमारे बीच में नहीं हैं । हम इन सभी माननीय सदस्यों के निधन पर अपनी ओर से एवं अपनी बहुजन समाज पार्टी के माननीय सदस्यों की ओर शोक-संवेदनायें व्यक्त करते हैं और आप से अनुरोध करते हैं कि हमारी इस शोक-संवेदना को शोक-संतप्त परिवारों तक आप पहुंचाने का कष्ट करें ।

* ऊर्जा मंत्री (श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल)–

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारुल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधाकृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी और श्री नाथूराम शिक्षक हमारे बीच में नहीं रहे । मान्यवर, माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और माननीय नेता बहुजन समाज पार्टी ने उनके प्रति जो शोक-संवेदनाएं व्यक्त की हैं, उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर,श्री संकठा प्रसाद शास्त्री और श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी इस सदन में हमारे साथ सदस्य भी रहे हैं ।

मान्यवर, इन सभी की रुचि अलग-अलग क्षेत्रों में थी, जैसे कोई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहा तो कुछ लोग उत्तर प्रदेश में मंत्री पद पर भी आसीन रहे, किसी की उद्योग में रुचि थी तो किसी की शिक्षा में और किसी की खेती में रुचि थी, जिसके माध्यम से उन्होंने समाज की सेवा की जिससे उनके क्षेत्रों की ही नहीं बल्कि प्रदेश को नयी दिशा मिली । उनके निधन से उन जनपदों को ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश को क्षति हुई है जो पूरी नहीं हो सकती है । इसलिये ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्माओं को शांति प्रदान करे और शोक-संतप्त परिवारों को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इन शब्दों के साथ मान्यवर, आपसे अनुरोध है कि मेरी ओर से और मेरे दल की ओर से शोक-संवेदनायें शोक-संतप्त परिवारों तक आप भेजने का कष्ट करेंगे ।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, इस सदन के पूर्व सदस्य स्वर्गीय श्री धरम राम, श्री इसरारूल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधा कृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी और श्री नाथू राम शिक्षक के निधन पर आज यह सदन अत्यन्त भारी मन से शोक संवेदना व्यक्त कर रहा है । इस अवसर पर माननीय नेता सदन और माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य दलों के माननीय नेतागण ने जो शोक-संवेदना व्यक्त किया है, मैं उससे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरी तथा मेरे दल की शोक-संवेदना उनके दुखी परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें । ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इन सभी माननीय पूर्व सदस्यों की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

श्री प्रमोद कुमार–

माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन के पूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारूल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधा कृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी और श्री नाथू राम शिक्षक के निधन पर जो शोकोद्गार माननीय नेता सदन माननीय नेता विरोध पक्ष और माननीय अन्य नेताओं ने व्यक्त किये हैं मैं उससे अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी तथा हमारे दल की शोक-संवेदना इन सभी सदस्यों के परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मान्यवर, माननीय संकठा प्रसाद शास्त्री जी इस प्रदेश के मंत्री रहे और मंत्री के रूप में उन्होंने दलितों की आवाज को सदैव उठाया। मा०गोस्वामी राधा कृष्ण जी कमलापति त्रिपाठी मंत्रिमण्डल में महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री के रूप में उन्होंने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसी प्रकार से ये सभी सदस्य अपने कार्यकाल में जनता के प्रति समर्पित रहे और जनता की सेवा के लिये अपने कार्यकाल का उपयोग किया। इन शब्दों के साथ मैं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

श्री कौकब हमीद–

मान्यवर, इस सदन के पूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारूल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधा कृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी और श्री नाथू राम शिक्षक इन लोगों के न रहने से इनके क्षेत्र में ही नहीं पूरे प्रदेश में एक कमी रह जायेगी। मैं अपने दल की तरफ से और अपनी तरफ से गुजारिश करूंगा कि हमारी शोक-संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री रामजग–

मान्यवर, इस सदन के पूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारूल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधा कृष्ण, श्री चन्द्र बली ब्रह्मचारी और श्री नाथू राम शिक्षक, ये इस सदन के हमारे पूर्व माननीय सदस्य थे, इन लोगों का निधन हो गया। इन लोगों के निधन से, जिन्होंने विभिन्न दलों में रहकर अपने जिलों में और प्रदेश में अपनी सेवायें दी। मान्यवर, श्री राजबली को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं यह फैजाबाद में पहले कम्युनिस्ट आन्दोलन में अग्रणी नेता रहे और राष्ट्र की आजादी में कई बार जेल गये। मान्यवर, चन्द्रबली ब्रह्मचारी जी को भी मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। ये हमारे जिले के रहने वाले कांग्रेस आई के वरिष्ठ नेता थे शिक्षण संस्थाओं में अच्छे पदों पर रहकर उन्होंने कार्य किया। इस प्रकार हमारे ।। माननीय सदस्य जो इस सदन के पूर्व सदस्य थे, उनका देहान्त हो गया जिसके कारण एक अपूरणीय क्षति हुई है। इनके निधन से मैं और मेरा दल दुःखी है। मेरा निवेदन है कि हमारी शोक-संवेदना उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

माननीय अध्यक्ष महोदय, आज हम सभी के बीच इस सम्मानित सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री धरम राम, श्री इसरारूल हक, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, श्री बेनी प्रसाद माधव, श्री किशुन लाल मदेशिया, श्री राजबली, श्री गोस्वामी राधा कृष्ण, श्री चन्द्रबली ब्रह्मचारी और श्री नाथू राम शिक्षक नहीं रहे। श्रीमन्, इन माननीय भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और अन्य सभी दलों के माननीय नेताओं ने जो

विचार व्यक्त किये हैं, मैं अपने को, सम्बद्ध करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि इनके शोक संतप्त परिवारों तक हमारी तथा हमारे दल की संवेदना पहुंचाने की कृपा करें। माननीय अध्यक्ष महोदय, इन दिवंगत भूतपूर्व सदस्यों में श्री बेनी प्रसाद माधव जो बुलन्दशहर से निर्वाचित होकर आये थे, ने सन् 1942 के स्वाधीनता संग्राम में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

इसी प्रकार श्री राजबली जी, जो अम्बेडकर नगर से निर्वाचित होकर आये थे, वह भी स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे। स्वाधीनता संग्राम आन्दोलन में उनकी भी सक्रिय भागीदारी रही। वह 1967 में इस सदन में निर्वाचित होकर आये थे। इन भूतपूर्व सदस्यों के निधन से जो रिक्तता आयी है, उसकी बहुत जल्दी भरपाई नहीं हो पायेगी। आज इन भूतपूर्व सदस्यों के निधन से हम सभी बेहद दुःखी हैं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि इनके शोक संतप्त परिवारों तक मेरी तथा मेरे दल की शोक-संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें।

वन मंत्री (श्री राजधारी सिंह)–

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे सम्मानित भूतपूर्व सदस्यों के आकस्मिक निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और विभिन्न दलों के नेताओं ने जो अपनी शोक-संवेदना प्रकट की है, मैं भी अपनी और अपने दल की भावना को उससे सम्बद्ध करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि इनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी सद्भावना पहुंचाने का कष्ट करें।

श्री राजेन्द्र यादव–

माननीय अध्यक्ष जी, सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री धरम राम, गाजीपुर, श्री इसरारूल हक, फिरोजाबाद, श्री सुल्तान रजा मिर्जा, जौनपुर, श्री विष्णु प्रताप सिंह, गोण्डा, श्री संकठा प्रसाद शास्त्री, वाराणसी, श्री बेनी प्रसाद माधव, बुलन्दशहर, श्री किशुन लाल मदेशिया, बहराइच, श्री राजबली, अम्बेडकर नगर, श्री गोस्वामी राधाकृष्ण, चित्रकूट, श्री चन्द्र बली ब्रह्मचारी, आजमगढ़ और श्री नाथू राम शिक्षक, इलाहाबाद हमारे बीच में नहीं हैं। मान्यवर, इनके निधन के प्रति जो शोक-संवेदनायें माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता बसपा, नेता कांग्रेस एवं अन्य नेताओं ने व्यक्त की हैं, मैं अपने को और अपने दल को उनसे सम्बद्ध करते हुए अपनी शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं। इसमें श्री धरमराम यादव जी मेरे जनपद के थे और पंहली बार 1974 में जमानियां विधान सभा से बी० के० डी० के चुनाव चिन्ह पर निर्वाचित हुए थे। उसके बाद पुनः 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचित हुए थे। पूरा जनपद उनको मनुज के नाम से जानता था। वे अपने जमाने के कुशल समाजसेवी थी। कई संस्थाओं में पदाधिकारी भी रहे। मान्यवर, उनके बारे में मैं इसलिए सदन के बीच में कह रहा हूं, 87 में जब मैं कालेज में था, जब भी मिलते थे तो कहते थे कि बेटा तुम्हें कभी विधान सभा में जाना है। इसी तरीके से राजबली जी थे जो हमारे जिले में जाया करते थे। मान्यवर, इन तमाम साथियों के प्रति अपने दल की ओर से और अपनी ओर से शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं और निवेदन करता हूं कि मेरे दल की ओर से शोक-संतप्त परिवारों तक शोक-संवेदना पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष–

सदन के पिछले सत्र की समाप्ति और वर्तमान सत्र के प्रारम्भ के बीच में 10 पूर्व माननीय सदस्यों का निधन हो गया। एक माननीय सदस्य श्री धरम राम जी का निधन विगत सत्र के भी पूर्व हो गया था। श्री धरम राम जी ने 80 वर्ष की अवस्था में अपना शरीर त्याग किया। वह इस सदन के दो बार सदस्य रहे। 1977 में जब वह निर्वाचित होकर आये थे तभी मेरा उनसे व्यक्तिगत परिचय हुआ था। श्री इसरारूल हक का निधन 80 वर्ष की आयु में, श्री सुल्तान रजा मिर्जा का निधन 55 वर्ष में और श्री विष्णु प्रताप सिंह की 66 वर्ष में मृत्यु हुई। श्री संकठा प्रसाद शास्त्री का निधन 66 वर्ष की

आयु में, श्री बेनी प्रसाद माधव का 80 वर्ष की आयु में, श्री किशुन लाल मदेशिया का 82 वर्ष की आयु में, श्री राजबली जी का 88 वर्ष की आयु में और श्री गोस्वामी राधा कृष्ण का 77 वर्ष में हुआ ।

इसी प्रकार चन्द्रबली ब्रह्मचारी जी ने 92 वर्ष में और श्री नाथू राम शिक्षक ने 81 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद अपना शरीर त्याग किया । इसी से स्पष्ट है कि सभी ने समाज की और राजनीति की बड़े दीर्घ समय तक सेवा की है । श्री विष्णु प्रताप सिंह, श्री बेनी प्रसाद माधव, माननीय श्री गोस्वामी राधाकृष्ण और माननीय नाथूराम शिक्षक जी से हम व्यक्तिगत रूप से परिचित थे। इन सभी ने अपने-अपने जनपद में विशिष्ट सेवाएं की हैं । इनके निधन से इस सदन की क्षति तो हुई ही है, मेरी व्यक्तिगत क्षति भी हुई है । इस सदन ने जो शोक-संवेदना व्यक्त की है,मैं भी अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं और अपनी ओर से तथा सदन की ओर से श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं । मैं इस सदन और माननीय सदस्यों द्वारा व्यक्त शोकोद्गार उनके परिवार तक पहुंचा दूंगा । अब हम इन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करेंगे ।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

श्री अध्यक्ष–

अब हम उठते हैं । कल दिनांक 20 अक्टूबर, 2000 को पुनः 11.00 बजे बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 20 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया)

लखनऊ :

दिनांक 19 अक्टूबर, 2000

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,

सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश ।

पी०एस०यू०पी०–एल० 308 विधान सभा (713)-2000–815 (डी०टी०पी०)–